an>

Title: Need to accord sanction to the proposal of Government of Maharashtra for construction of dam on Girna River.

श्री ए.टी.नाना पाटील (जलगाँव) : हम सभी जानते हैं कि पिछले चार से पांच सालों से देश में विशेषकर महाराष्ट्र में कम मानसून से सूखे की स्थिति हो गई है और यह अब गंभीर समस्या बन गइ है। सूखे ने महाराष्ट्र के आम किसानों को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। इसका प्रमुख कारण है कि देश की नदियों में पानी का ठहराव न होने से नदियां पूरी तरह से सूख गयी हैं। इस गंभीर समस्या का समाधान करने के लिए हम लोगों ने जलगांव स्थित गिरना नदी पर नई तकनीक और कम लागत से सात रब्बर डॉम बनाने का पाईलेट प्रोजेक्ट को राज्य सरकार से मंजूरी लेकर केन्द्र सरकार के पास भेजा है और यह अभी तक लंबित पपड़ा है। कई सालों के भयंकर सूखे के कारण किसान की दयनीय स्थिति हो गयी है तथा वह आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहे हैं। परियोजना के निर्माण में देरी से स्थिति के और भी खराब होने की संभावना है। यदि इस प्रस्ताव को तत्काल केन्द्र सरकार पाईलेट प्रोजेक्ट के नाते मंजूरी देकर उसे धनराशि आवंटन करती है तो यह महाराष्ट्र के आम किसानों के लिए जीवनदायी होगा। इस प्रोजेक्ट के तैयार होने से जलगांव के लगभग 1000 से 1200 गांवों के लाखों किसानों को सिंचाई और पेयजल की समस्या से निजात मिल जायेगी इस प्रोजेक्ट के तेयार होने से भूजल के स्तर में भी काफी सुधार होगा।

अतः सरकार से अनुरोध है कि उक्त परियोजना को शीघ्रातिशीघ्र मंजूर कर मेरे संसदीय क्षेत्र की सिंचाइ और पेयजल की समस्या का समाधान करें।